भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2684

दिनांक 12 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, राजकोट में विशेष डिग्री कार्यक्रम

2684 # श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकियाः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात के राजकोट में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में न्यूरोसर्जरी, न्यूरोफिज़ियोलॉजी और बाल चिकित्सा सर्जरी में विशेष डिग्री कार्यक्रम या स्नातकोत्तर या विशिष्ट सुविधा के लिए सरकार द्वारा की गई विशिष्ट कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस पहल की दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं और इन कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, आज की स्थिति के अनुसार स्थापित, किए गए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), राजकोट में जनरल सर्जरी, फिजियोलॉजी, पैडियाट्रिक्स एंड निओनेटोलोजी सहित 27 विभाग कार्यशील हैं। विवरण अनुलग्नक में दिया गया है। इस संस्थान में विशिष्ट सुविधा केन्द्र/विभाग चरणबद्ध तरीके से परिचालित किए जा रहे हैं।

12.08.2025 को राज्यसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2684 के उत्तर के भाग (क) से (ख) में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक

एम्स, राजकोट में कार्यशील विभागों की सूची

क्रम संख्या	**विभागों का नाम**
1 .	अनेस्थिसियोलॉजी
2 .	एनाटोमी
3 .	बायोकेमिस्ट्री
4 .	सामुदायिक चिकित्सा और पारिवारिक चिकित्सा
5 .	दंत चिकित्सा
6 .	डर्मेटोलोजी
7 .	फोरेंसिक मेडिसिन एंड टोक्सिकोलॉजी
8 .	जनरल मेडिसिन
9 .	जनरल सर्जरी
10 .	माइक्रोबायोलॉजी
11 .	प्रसूति एवं स्त्री रोग
12 .	नेत्र विज्ञान
13 .	ईएनटी
14 .	पैडियाट्रिक
15 .	पैथोलॉजी / लैब मेडिसिन
16 .	फार्माकोलोजी
17 .	फिजियोलॉजी
18 .	मनोचिकित्सा
19 .	पल्मोनरी मेडिसिन
20 .	रेडियो डायग्नोसिस
21 .	ओर्थोपैडिक्स
22 .	रेडिएशन थेरेपी / रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
23 .	अस्पताल प्रशासन
24 .	रक्ताधान चिकित्सा और रक्त बैंक
25 .	बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी
26.	निओनेटोलॉजी
27.	ट्रोमा एंड इमरजेंसी

*****